भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न. 326 के संबंध में**

20 जुलाई, 2022 के उत्तरार्थ

**सहकारी निकायों के सम्बन्ध में आरबीआई विनियम**

**326. श्री जॉन ब्रिटास:**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को सहकारी निकायों से सम्बंधित आरबीआई के विनियम के सम्बन्ध में विभिन्न क्षेत्रों से चिंता व्यक्त करने वाले अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) से (ग): जी हां, मान्यवर। राष्ट्रीय सहकारी संघों जैसे नैफ्स्कोब (NAFSCOB) और नैफकब (NAFCUB) सहित विभिन्न संगठनों ने अपने अभ्यावेदन द्वारा, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के मौजूदा विनियमों के संबंध में सहकारी निकायों द्वारा सामना की जा रही कुछ कठिनाइयों को उजागर किया है। विधायी ढांचे के समग्र दायरे में ऐसे मुद्दों को हल करने के लिए सरकार नियमित रूप से संबंधित प्राधिकरणों के संपर्क में है।

****